13 रोहतक की बालिका हॉकी टीम ने फतेहाबाद में ..

14 स्ट्रीट वेंडर के लिए दोबारा शुरू की गई आत्मनिर्भर ...


## खबर संक्षेप

### बीबीए द्वितीय वर्ष में लैटरल एंट्री के तहत प्रवेश 30 तक

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में सत्र 2025-26 के लिए बीबीए कार्यक्रम के द्वितीय वर्ष में लैटरल एंट्री के माध्यम से द्वितीय वर्ष में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए अंतिम तिथि 30 सितंबर 2025 निर्धारित की गई है। बीबीए द्वितीय वर्ष में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के पंजीकरण रिकॉर्ड (आरआर) / नामांकन प्रमाणपत्र (सीआर) विश्वविद्यालय के पंजीकरण एवं छात्रवृत्ति शाखा में जमा करवाने की अंतिम तिथि 7 अक्टूबर 2025 है। छात्रों को समय-सीमा का ध्यान रखते हुए शीघ्र आवेदन करने की सलाह दी जाती है, ताकि प्रवेश प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी की जा सके।

### बाइक चोरी की वारदात में शामिल आरोपी काबू

**रोहतक।** पुलिस ने मबाइक चोरी की वारदात में शामिल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। अर्बन एस्टेट थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि गांव घुसकानी निवासी नवीन की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 3 सितंबर को नवीन ने अपनी बाइक को बस स्टैंड रोहतक के गेट न.1 के पास बनी पार्किंग में खडी कर चला गया। वापिस आने पर नवीन को अपनी बाइक नहीं मिली। जांच के दौरान 19 सितंबर को आरोपी सावन निवासी सांपला को गिरफ्तार किया गया है।

**एमडीयू में वीसी आवास पर गमले बनाने का मामला : छात्रों ने किया था हंगामा**

## अदालत की पुलिस को कड़ी फटकार छात्रों की गिरफ्तारी गलत, रिहा करो

### विद्यार्थियों ने शुक्रवार रात में दिया था धरना

*पुलिस ने दोनों छात्रों को जेएमआईसी कोर्ट में पेश किया*

*वीसी आवास में घुसने के मामले में पुलिस ने दो छात्र नेताओं को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने शनिवार को दोनों छात्रों को जेएमआईसी कोर्ट में पेश किया, जहां कोर्ट ने छात्रों की गिरफ्तारी को ही पूरी तरह से अवैध करार दिया।*

अमरजीत एस गिल ▶▶। रोहतक

गत शुक्रवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने कुलपति के आवास पर जबरन घुसने के मामले में पुलिस को जोर का झटका लगा है। पुलिस ने छात्र नेता प्रदीप मोटा और कपिल फौजी को गिरफ्तार कर किया था। शनिवार को दोनों छात्रों को जेएमआईसी कोर्ट में पेश किया गया। जहां कोर्ट ने पुलिस को लताड़ लगाते हुए कहा कि छात्रों की गिरफ्तारी ही पूरी तरह से अवैध है। इन्हें तुरंत रिहा किया जाए। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की तरफ से प्रदीप मलिक कोर्ट में पेश हुए थे। जबकि छात्रों की तरफ से सुरेंद्र वर्मा ने जिरह की। दोनों वकीलों की जिरह सुनने के बाद अदालत ने कहा कि पुलिस छात्रों को तुरंत रिहा करे और पूरे मामले की दोबारा से जांच की जाए। क्योंकि अब तक की दलीलें सुनने के बाद ऐसा लगता है कि मामला कुछ और है।




**रोहतक।** पुतला जलाकर जताया विरोध छात्र। फोटो : हरिभूमि



कपिल फौजी



प्रदीप मोटा

### पुतला जलाकर जताया विरोध

दोपहर के बाद तीन बजे छात्रों ने एमडीयू के गेट नंबर दो पर विरोध स्वरूप पुतला जलाया। छात्रों ने कहा कि न्यायालय ने उनके साथियों की रिहाई का आदेश देकर विश्वविद्यालय प्रशासन को सख्त संदेश दिया है। विद्यार्थियों ने बताया कि यूनिवर्सिटी किसी की जागीर नहीं है। लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन कोई नहीं कर सकता।

### छात्र किए जा चुके हैं रिहा

न्यायालय ने छात्रों की गिरफ्तारी को अवैध बताया है। पुलिस ने दबाब में गलत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। न्यायालय के आदेश पर छात्र रिहा किए जा चुके हैं। **-सुरेंद्र वर्मा**, वकील बचाव पक्ष

### 30-40 छात्र थे नामजद

यूनिवर्सिटी के सुरक्षा गार्ड की शिकायत पर पीजीआईएमएस थाना पुलिस ने पांच नामजद छात्रों समेत 30-40 छात्रों के खिलाफ दोपहर बाद मामला दर्ज किया था। मामला दर्ज होने के कुछ समय बाद ही पुलिस ने पांच नामजद छात्रों में से प्रदीप मोटा और कपिल फौजी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही छात्र बिफर गए और रात में ही कुल सचिव कृष्णकांत के आवास पर पहुंचकर धरने पर बैठ गए। छात्रों को किसी तरह से मान-मनोव्वल करके धरना समाप्त कराया गया। छात्रों की मांग थी कि प्रदीप और कपिल को तुरंत बिना शर्त रिहा किया जाए। लेकिन पुलिस ने छात्रों को कहा कि गिरफ्तारी के बाद कोर्ट ही तय करती है कि आगे मामले में क्या होगा।

### गमला यूनिवर्सिटी ट्रेंड हुई एमडीयू

शुक्रवार को घटना सोशल मीडिया पर लाइव थी। इसलिए लोगों ने सोशल प्लेट फार्मों पर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय को गमला यूनिवर्सिटी का तमगा दे दिया। छात्रों का आरोप था कि वीसी आवास पर गमले बनाकर बाहर भेजे जा रहे हैं। इन्हें बनाने में संसाधन तो विवि के प्रयोग हो रहे हैं और मुनाफा कहीं और खास लोगों की जेब में जा रहा है। छात्रों ने मांग की थी कि पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच करवानी चाहिए। कऐसा अब नहीं बल्कि पिछले लंबे समय से किया जा रहा है। इस दौरान छात्रों ने सुरक्षा गार्ड को भी बंदी बना लिया।

### बातचीत टूटी तो गिरफ्तारी

छात्र वीसी आवास पर हंगामा करने के बाद प्रशासनिक भवन स्थित एक अफसर के कार्यालय पहुंचे थे। जहां प्रोफेसर और छात्रों के बीच बातचीत हुई। छात्रों से कहा गया कि हंगामा के पीछे कौन उनका नाम बता दें, आप पर कोई कार्रवाई नहीं होगी। छात्रों ने कहा कि हंगामा खुद किया है तो और किसी का नाम कैसे लिया जा सकता है। बातचीत टूट गई तो पुलिस में केस दर्ज करवा दिया गया। पुलिस ने छात्रों को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद शनिवार को न्यायधीश ने गिरफ्तारी को ही गलत बता दिया।

**बहादुरगढ़ में हुए झगड़े की वजह से वारदात**

## चुलियाना में पेट्रोल पंप पर युवक पर फायरिंग

### युवक की हालत नाजुक, पीजीआई में भर्ती



**रोहतक।** मौके पर जांच करती एफएसएल इंचार्ज डॉ सरोज दहिया व पुलिस अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

आईएमटी थाना क्षेत्र के चुलियाना मोड़ स्थित पेट्रोल पंप पर शुक्रवार देर रात एक युवक पर कार सवार कुछ युवकों ने फायरिंग कर दी। घटना में गोली युवक के हाथ के पास लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। इसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल को पीजीआई के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। यह पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर आरोपियों की पहचान करके जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी की फुटेज

घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई। घायल का इलाज पीजीआई के ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है और उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने घटना में शामिल तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है, और आरोपियों की तलाश में गश्त और छापेमारी तेज कर दी गई है। वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिससे आरोपियों की पहचान में मदद मिल सके। **-पंकज, थाना प्रभारी**, आईएमटी

### घायल की पहचान और घटना का कारण

घायल की पहचान रोहद निवासी राहुल के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, राहुल अपने दोस्त गांव डाबौदा, जिला झज्जर निवासी अमित के साथ किसी काम से बहादुरगढ़ गया था। बहादुरगढ़ में अमित का कुछ युवकों के साथ झगड़ा हुआ था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इसी झगड़े की रंजिश को लेकर आरोपियों ने राहुल और अमित का पीछा किया और चुलियाना मोड़ पर हमला कर दिया।

### सीएनजी पंप पर हुई फायरिंग

पुलिस ने बताया कि राहुल और अमित के साथ उनके दो दोस्त थे। वह दोस्त का जन्मदिन मनाने के लिए खरावड़ की तरफ आए थे। इसके बाद जब एक होटल पर खाना खाने के लिए वह हनुमान मंदिर की तरफ जाने लगे तो एक कार अचानक आई। जिसमें तीन युवक सवार थे। कार सवारों ने शोर मचाया तो राहुल और अमित अपनी कार लेकर सीएनजी पंप की तरफ आ गए और यहां गाड़ी रोक ली। इस दौरान दूसरी कार में आए हमलावरों ने गोली चला दी।

### पीजीआई के ट्रॉमा सेंटर में चल रहा इलाज

घायल राहुल को पीजीआई के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घायल के दोस्त अमित ने बताया कि यह हमला बहादुरगढ़ में हुए झगड़े की रंजिश का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आरोपी पहले से ही राहुल और उनके साथियों से नाराज थे। पुलिस की जांच में अब तक तीन युवकों के नाम आ चुके हैं। जिनके खिलाफ केस दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है। पुलिस ने साहिल निवासी मांडौठी, सन्नी निवासी बहराई सहित लक्की पर केस दर्ज किया है। एफएसएल इंचार्ज डॉ सरोज दहिया ने भी मौके का निरीक्षण कर सबूत एकत्रित किए।

## पीजीआई के शिशु रोग विभाग ओपीडी में खिलौने से खेलेंगे बच्चे

*कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने किया खिलौना कक्ष का उद्घाटन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

पीजीआईएमएस में उपचार करवाने के लिए आने वाले बच्चें अब खिलौनों से भी खेल सकेंगे। शिशु रोग विभाग की ओपीडी में बच्चों के लिए एक खिलौना कक्ष का शुभारम्भ पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एचके अग्रवाल द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए एक खिलौना कक्ष का उद्घाटन करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। यह पहल हमारे बच्चों के लिए एक स्वस्थ और आनंदमय वातावरण बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कुलपति डॉ.एचके अग्रवाल ने कहा कि पीजीआईएमएस के चिकित्सा अधीक्षक एवं कार्यकारी शिशु रोग विभागाध्यक्ष डॉ. कुंदन मित्तल बेहतरीन कार्य कर रहे हैं उन्होंने गत दिनों वार्ड में बच्चों के लिए झूले लगाए थे। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि पीजीआईएमएस रोहतक में हम हमेशा से ही अपने रोगियों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रयासरत रहे हैं।



**रोहतक।** बच्चों के लिए खिलौना कक्ष के शुभारभ पर कुलपति डॉ एचके अग्रवाल ,निदेशक डॉ. एसके सिंघल एवं डॉ. कुंदन मित्तल।

### भीड़ के चलते बच्चे इंतजार नहीं कर पाते थे

डॉ. अशोक चौहान ने कहा कि यह खिलौना कक्ष बीमार बच्चों के लिए एक सुरक्षित और आनंदमय वातावरण प्रदान करेगा, जहां वे अपने माता-पिता के साथ समय बिता सकेंगे और अपने स्वास्थ्य की देखभाल के दौरान भी खुश रह सकेंगे। कक्ष के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए डॉ. कुंदन मित्तल ने बताया कि रोटरी क्लब की अंजना गुप्ता और सिल्की बंसल के सहयोग से इस कक्ष की स्थापना की गई थी। डॉ. कुंदन ने बताया कि वें अक्सर देखते थे कि शिशु रोग विभाग में भीड़ होने के चलते बच्चे इंतजार नहीं कर पाते थे।

## मदवि के वित्त अधिकारी मुकेश भट्ट बंसी लाल विवि में वित्तीय समिति के सदस्य बने

**रोहतक।** हरियाणा के राज्यपाल एवं कुलाधिपति असीम कुमार घोष ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी मुकेश भट्ट को चौ. बंसी लाल यूनिवर्सिटी, भिवानी की वित्तीय समिति में गवर्नर नॉमिनी मनोनीत किया है। राज भवन हरियाणा द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार चौ. बंसी लाल यूनिवर्सिटी, भिवानी की वित्तीय समिति में बतौर गवर्नर नॉमिनी वित्त अधिकारी मुकेश भट्ट को तुरंत प्रभाव से दो वर्ष हेतु नॉमिनेट किया गया है। गवर्नर नॉमिनी नॉमिनेट होने पर वित्त अधिकारी मुकेश भट्ट ने राज्यपाल एवं कुलाधिपति का आभार जताया और कहा कि ईमानदारी, निष्ठा और पारदर्शिता के साथ दायित्व का निर्वहन करेंगे।




फ्री ओ.पी.डी. Free O.P.D.

अंतर्राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस
अथर्व आयुर्वेद की 6वीं वर्षगांठ
के उपलक्ष्य में

23 सितम्बर से 28 सितम्बर

6 दिन फ्री ओ.पी.डी.

ओ.पी.डी. : प्रातः 9 से 2 बजे व शाम 3 से 6 बजे तक

सभी रोगों का आयुर्वेद-पंचकर्म-नेचुरोपैथी से सफल इलाज

सभी थैरेपी एवं लैब टेस्ट पर 20% की छूट

अथर्व आयुर्वेद TM
मल्टीस्पेशलिटी हस्पताल

वसंत विहार, छोटूराम स्टेडियम के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक

8053928881
8053988881

CGHS, ECHS, HARYANA GOVT, TPA PANELS पर


**मंदिरों में सजावट शुरू, होगी कलश स्थापना**

## शारदीय नवरात्र कल से, माता दुर्गा का हाथी पर शुभ आगमन

*बाजारों में रौनक नौ रात्रि में प्रयोग होने वालों सामानों की मांग बढ़ी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

शारदीय नवरात्र इस वर्ष 22 सितंबर सोमवार से शुरू हो रहे हैं। आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि रात 1:23 बजे से आरंभ होगी और नवरात्र का समापन 1 अक्टूबर बुधवार को होगा। इस बार तृतीया तिथि बढ़ जाने के कारण नवरात्र पूरे नौ दिन मनाए जाएंगे। श्रद्धालु अपने घरों में कलश स्थापना कर मां दुर्गा की पूजा करेंगे। पंडित ने बताया कि कलश स्थापना के लिए सबसे पहले सुबह ब्रह्म मुहूर्त में स्नान कर साफ वस्त्र पहनें। घर को शुद्ध करने के बाद मुख्य द्वार पर आम के पत्तों का तोरण लगाएं। पूजा स्थल को गंगाजल से पवित्र करें और चौकी लगाकर माता की प्रतिमा स्थापित करें। कलश स्थापना के लिए पहले मिट्टी के बर्तन में जौ बोएं। फिर तांबे के कलश में पानी और गंगाजल डालें। कलश पर कलावा बांधें और आम के पत्तों से सजाएं। इसमें दूब, अक्षत और सुपारी डालें। ऊपर चुनरी और मौली बांधकर नारियल रखें। सामग्री के साथ विधिपूर्वक मां दुर्गा का पूजन करें और दुर्गा सप्तशती का पाठ करें। अंत में आरती करें और प्रसाद का वितरण करें।



### बाजारों में बढ़ी भीड़

शारदीय नवरात्र को लेकर मंदिरों में साफ-सफाई और सजावट का काम शुरू हो गया है। बाजार माता की मूर्ति, कलश, चुनरी, प्रसाद, पंचमेवा, अखंड ज्योत और पूजा आसनों से सज गए हैं। श्रद्धालु पूजा सामग्री की खरीदारी में जुटे हैं। मंदिर के पुजारी संदीप झा ने बताया कि नवरात्र में पूजा के लिए कलश, नारियल, चुनरी, रोली, पान, घी, धूपबत्ती, अगरबत्ती, लौंग, सुपारी, कपूर जैसी वस्तुएं खरीदी जा रही हैं। मंदिरों में भी कार्यक्रमानुसार तैयारियां चल रही हैं।

### श्रद्धालु तैयारी में जुटे

श्रद्धालु तैयार, नवरात्र के लिए बाजार और मंदिर सज गए इस अवसर पर श्रद्धालु अपने घरों में कलश स्थापना के लिए सामग्री खरीद रहे हैं। मंदिरों में विशेष सजावट की जा रही है और पूजा स्थलों को स्वच्छ किया जा रहा है। बाजार में मां की मूर्तियों, कलश, चुनरी और अन्य पूजा सामग्री की बिक्री में वृद्धि हुई है।


बाबा मस्तनाथ युनिवर्सिटी
अस्थल बोहर, रोहतक-124021 (हरियाणा)
Established under Haryana Private Universities Act, 2006
Recognized by the UGC under 2(f) and Member, Association of Indian Universities (AIU)
9053066601 | www.bmu.ac.in



महंत बालकनाथ योगी
Chancellor, BMU

Admissions Open 2025-26

B.Pharmacy D.Pharmacy

PROGRAMMES OFFERED BY THE UNIVERSITY FOR SESSION 2025-26

| Programme | Fee Per Sem. |
|---|---|
| **FACULTY OF AYURVEDA** | |
| BAMS | 2,25,000/- |
| **FACULTY OF NURSING** | |
| ANM/GNM | -------- |
| B.Sc. Nursing | 1,05,000/- |
| Post Basic B.Sc. Nursing | 50,000/- |
| **FACULTY OF PHARMACEUTICAL SCIENCES** | |
| D.Pharmacy | 37,500/- |
| B.Pharmacy | 45,000/- |
| M.Pharmacy | 50,000/- |
| **FACULTY OF PHYSIOTHERAPY** | |
| BPT/ MPT | 45,000/- |
| B.Sc. MLT | 31,000/- |
| Bachelor of Optometry | 31,000/- |
| **FACULTY OF SCIENCES** | |
| B.Sc. (Physical Sciences) (Physics, Chemistry, Mathematics) | 11,000/- |
| M.Sc. (Physics, Chemistry, Mathematics) | 21,000/- |
| B.Sc. (Life Sciences) (Botany, Zoology, Chemistry) | 11,000/- |
| M.Sc. (Botany, Zoology) | 21,000/- |
| B.Sc. (Bio-Technology) | 11,000/- |
| M.Sc. (Bio-Technology) | 21,000/- |
| B.Sc. (Hons.) Agriculture | 31,000/- |
| **FACULTY OF LEGAL STUDIES** | |
| B.A.L.L.B • LL.B • LL.M | 27,500/- |
| **FACULTY OF MANAGEMENT & COMMERCE** | |
| BBA | 15,000/- |
| BCA | 17,500/- |
| MBA • MCA | 26,000/- |
| B.Com. • M.Com. | 11,000/- |
| **FACULTY OF ENGINEERING & TECHNOLOGY** | |
| B.Tech. (CSE, ME, CE) | 30,000/- |
| M.Tech. (CSE, CE) | 30,000/- |
| **FACULTY OF HUMANITIES & LIBERAL EDUCATION** | |
| B.A. • B.A. (Hons.) English • B.A. Journ. & Mass Comm. • B.Lib. & Info. Sci • M.Lib. & Info. Sciences • M.A. (English, Hindi, Journalism & Mass Comm., History, Economics, Sociology, Geography, Political Science) | 11,000/- |
| M.A. Sanskrit • Shastri (UG) | 2,500/- |

Ph.D. (All Streams)
As Per UGC Norms.

B.Ed. ₹ 22,000/- (Fee Per Sem.)
*Affiliated with MDU,Rohtak

New Programmes
VLDD (Diploma in Veterinary) | B.Sc. Nursing | B.Sc. (Hon.) (Agriculture)

Application Fee - 1000 || Admission Fee UG-7500, PG-12500 || Exam Fee- UG-2500, PG-3000 || Hostel Fee 70000 Per Year
*Terms & Conditions Apply

## अनुभवी निवेशक डायरेक्ट प्लान से उठा सकते हैं ज्यादा फायदा

# म्यूचुअल फंड के डायरेक्ट और रेगुलर प्लान में 3 बड़े अंतर, कहां करें निवेश



**निवेश मंत्रा**
बिजनेस डेस्क

**निवेश में नए हैं तो रेगुलर प्लान लग सकता है काफी आसान सबसे बड़ा और अहम फर्क दोनों स्कीमों के खर्च यानी एक्सपेंस रेशियो में**

*अनुभवी निवेशक डायरेक्ट प्लान से ज्यादा फायदा उठा सकते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बता रहे कि डायरेक्ट और रेगुलर म्यूचुअल फंड में तीन बड़े अंतर क्या हैं और इनके फायदे-नुकसान क्या हैं। सबसे बड़ा और अहम फर्क दोनों स्कीमों के खर्च यानी एक्सपेंस रेशियो में होता है. डायरेक्ट म्यूचुअल फंड सीधे एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) से खरीदे जाते हैं।*

म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों के सामने अक्सर एक बड़ा सवाल खड़ा होता है कि उन्हें डायरेक्ट प्लान चुनना चाहिए या फिर रेगुलर प्लान। दोनों ही रास्ते एक ही स्कीम तक पहुंचाते हैं, लेकिन इनके बीच कुछ ऐसे फर्क हैं जो आपके रिटर्न और इनवेस्टमेंट से जुड़े तजुर्बे को काफी हद तक प्रभावित कर सकते हैं। अगर आप निवेश में नए हैं तो शायद रेगुलर प्लान आपको आसान लगे, वहीं अनुभवी निवेशक डायरेक्ट प्लान से ज्यादा फायदा उठा सकते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बता रहे कि डायरेक्ट और रेगुलर म्यूचुअल फंड में तीन बड़े अंतर क्या हैं और इनके फायदे-नुकसान क्या हैं।

### खर्च और रिटर्न का फर्क

सबसे बड़ा और अहम फर्क दोनों स्कीमों के खर्च यानी एक्सपेंस रेशियो में होता है. डायरेक्ट म्यूचुअल फंड सीधे एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) से खरीदे जाते हैं। इनमें किसी बिचौलिये या ब्रोकरेज की जरूरत नहीं होती। यही वजह है कि डायरेक्ट प्लान का एक्सपेंस रेशियो कम रहता है। आम तौर पर यह 0.5% से 1% के बीच ही होता है। दूसरी तरफ रेगुलर म्यूचुअल फंड में डिस्ट्रीब्यूटर या ब्रोकर की फीस भी जुड़ जाती है। इस वजह से इनका एक्सपेंस रेशियो 1% से 2.5% तक जा सकता है। यह अंतर भले ही सुनने में छोटा लगे, लेकिन लंबे समय में कंपाउंडिंग की वजह से यह आपके रिटर्न को काफी कम कर देता है। यही कारण है कि डायरेक्ट प्लान लंबे समय में ज्यादा रिटर्न देने की क्षमता रखते हैं, क्योंकि आपकी जेब से फीस और कमीशन पर कम पैसा कटता है।



### निवेश करने और उसे मैनेज करने का तरीका

डायरेक्ट और रेगुलर म्यूचुअल फंड में अगला बड़ा फर्क इनमें निवेश करने और मैनेज करने के तरीके का फर्क है। डायरेक्ट प्लान आपको एएमसी की वेबसाइट, मोबाइल ऐप या कुछ ऑथराइज्ड प्लेटफॉर्म पर ही मिलते हैं. यहां निवेशक को इनवेस्टमेंट से जुड़े सारे ट्रांजैक्शन खुद ही संभालने पड़ते हैं।

### रेगुलर प्लान में ये

रेगुलर प्लान में इन बातों की जिम्मेदारी काफी हद तक ब्रोकर या डिस्ट्रीब्यूटर संभालते हैं। वे न सिर्फ निवेश की प्रक्रिया से जुड़े पेपरवर्क और प्रोसेस को पूरा करना आसान बनाते हैं। इसलिए यह तरीका उन निवेशकों के लिए सुविधाजनक रहता है, जो नए हैं या इन चीजों के लिए समय नहीं निकाल पाते। हालांकि इस सुविधा के बदले आपको ज्यादा फीस चुकानी पड़ती है।

### सलाहकार की भूमिका

तीसरा बड़ा अंतर इस बात से जुड़ा है कि आपको निवेश में कितनी सलाह और मदद चाहिए। अगर आप निवेश की दुनिया में नए हैं और म्यूचुअल फंड चुनने में कंफ्यूज हो जाते हैं, तो रेगुलर प्लान आपके लिए बेहतर हो सकता है। यहां आपको ब्रोकर या फाइनेंशियल एडवाइजर की सलाह मिलती है, जो आपकी जरूरत और रिस्क प्रोफाइल के हिसाब से स्कीम चुनने में मदद कर सकते हैं।

### ऐसे समझना जरूरी

यह समझना जरूरी है कि डायरेक्ट और रेगुलर म्यूचुअल फंड एक ही स्कीम में निवेश करते हैं, फर्क सिर्फ इनके खर्च, मैनेजमेंट और निवेश से जुड़ी सुविधा में है। डायरेक्ट प्लान उन निवेशकों के लिए सही हैं जो कम लागत में बेहतर रिटर्न चाहते हैं और निवेश से जुड़ी प्रॉसेस को खुद संभाल सकते हैं। वहीं रेगुलर प्लान उन लोगों के लिए बेहतर हैं जिन्हें निवेश की प्रक्रिया को आसान रखना है और प्रोफेशनल सपोर्ट की जरूरत महसूस होती है।

### म्यूचुअल फंड के डायरेक्ट और रेगुलर प्लान में अंतर

म्यूचुअल फंड डायरेक्ट

- **एक्सपेंस रेशियो** : कम, क्योंकि इसमें ब्रोकर/डिस्ट्रीब्यूटर का कमीशन नहीं जुड़ता।
- **रिटर्न** : लंबे समय में ज्यादा रिटर्न, खर्च कम होने के कारण
- **निवेश का तरीका** : सीधे एएमसी की वेबसाइट, ऐप या ऑथराइज्ड प्लेटफॉर्म से
- **निवेश का मैनेजमेंट** : निवेशक को खुद रिसर्च और मैनेजमेंट करना होता है
- **किसके लिए बेहतर** : अनुभवी निवेशकों के लिए

### प्लान म्यूचुअल फंड रेगुलर प्लान

- **एक्सपेंस रेशियो** : ज्यादा, क्योंकि इसमें कमीशन शामिल होता है
- रिटर्न थोड़ा कम, क्योंकि फीस और कमीशन कटता है
- **निवेश का तरीका** : ब्रोकर या डिस्ट्रीब्यूटर के जरिए



## 500 रुपये के निवेश से भी बना सकते हैं लाखों रुपये का फंड

**सुझाव** | बिजनेस डेस्क

अगर आप भी निवेश कर रहे हैं या करना चाहते हैं तो निवेश की जल्द शुरूआत करें। आप कम पैसे से भी अच्छा खासा पैसा जोड़ सकते हैं। निवेश की सधे कदमों से शुरूआत करें, लक्ष्य तय करें और निवेश को बढ़ाते जाएं। इससे आप कुछ ही समय में अमीर बन जाएंगे और भविष्य में पैसे के लिए किसी का मुंह नहीं ताकना पड़ेगा। इन दिनों निवेश के कई ऑप्शन बाजार में मौजूद हैं। लेकिन आप कम पैसे से निवेश की शुरूआत करने जा रहे हैं तो आपके लिए म्यूचुअल फंड एसआईपी एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। यहां आप हर महीने थोड़ा-थोड़ा निवेश कर काफी अच्छा फंड जोड़ सकते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि 500 रुपये निवेश करके आप कितना फंड जोड़ सकते हैं और किस तरह से अपने पैसे को बढ़ा सकते हैं।

### यह जानना जरूरी

हर व्यक्ति को अपनी मंथली सैलरी का कुछ हिस्सा बचाकर निवेश जरूर करना चाहिए। आपकी सैलरी चाहे कम हो या ज्यादा निवेश करना बहुत ही जरूरी होता है। आजकल लोग निवेश करने के लिए म्यूचुअल फंड एसआईपी को काफी पसंद कर रहे हैं। म्यूचुअल फंड एसआईपी की खास बात यह है कि यहां आप हर महीने थोड़ा थोड़ा निवेश कर काफी अच्छी फंड इकट्ठा कर सकते हैं। म्यूचुअल फंड एसआईपी के बारे में निवेश से पहले जान लिया जाना चाहिए। इससे आपको परेशानी नहीं होगी।




### म्यूचुअल फंड एसआईपी में निवेश

म्यूचुअल फंड में आप एसआईपी के जरिए म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं। यहां आपको हर महीने एक निश्चित रकम निवेश करनी होती है। खास बात यह है कि म्यूचुअल फंड एसआईपी में आप मात्र 250 रुपये से अपना निवेश शुरू कर सकते हैं और लंबे समय तक निवेश कर आप काफी अच्छा फंड इकट्ठा कर सकते हैं। आपके पास पैस बढ़ तो आप एसआईपी में निवेश बढ़ा भी सकते हैं। रिटर्न की बात करें तो म्यूचुअल फंड एसआईपी में औसतन 12 से 16 प्रतिशत की दर से रिटर्न मिलता है। हालांकि मार्केट के हिसाब से यह रिटर्न घट या बढ़ भी सकता है।

### 500 रु. की एसआईपी में रिटर्न

अगर आप हर महीने 500 रुपये म्यूचुअल फंड एसआईपी में निवेश करते हैं और आप ऐसा 25 सालों तक करते हैं, तो आप 25 साल में कुल 1.50 लाख रुपये निवेश करेंगे। 12 प्रतिशत के हिसाब से आपको कुल 8.51 लाख रुपये मिलेंगे। इसमें केवल 7.01 लाख रुपये आपके मुनाफे के होंगे। अगर आपके 15 प्रतिशत के हिसाब से रिटर्न मिलता है, तो आपको 25 साल बाद कुल 13.78 लाख रुपये मिलेंगे। इसमें 12.28 लाख रुपये आपको मुनाफे के होंगे।

### टॉप-अप एसआईपी में रिटर्न

नॉर्मल एसआईपी के अलावा आप टॉप-अप एसआईपी के जरिए भी निवेश कर सकते हैं. यहां आपको हर साल अपने निवेश के 10 प्रतिशत की दर से बढ़ाना होता है। ऐसे में अगर आप टॉप-अप एसआईपी में 500 रुपये से अपना निवेश शुरू करते हैं और 25 सालों तक निवेश जारी रखते हैं, तो आप कुल 5.90 लाख रुपये निवेश करेंगे, जिसके बाद आपको कुल 19.67 लाख रुपये मिलेंगे, जिसमें केवल 13.77 लाख रुपये आपको मुनाफे के होंगे।

# सुरक्षित तरीके से बनाएं लाखों का फंड, एफडी में जरूर करें निवेश

**एफडी में पैसे लगाना निवेश का सबसे आसान तरीका, एफडी में निवेश कर आप काफी अच्छा रिटर्न पा सकते**
**रिटायरमेंट तक लाखों का फंड भी जोड़ सकते हैं**

**जानकारी** | बिजनेस डेस्क

*"एफडी में पैसों को निवेश करने पर पैसों के खो जाने का कोई डर नहीं होता है। ऐसे में सुरक्षित निवेश के लिए एफडी बेस्ट ऑप्शन है। इसमें कोई भी निवेश कर सकता है और अपने लिए फंड जोड़ सकता है।*

फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी के बारे में तो आप जानते ही होंगे। एफडी हमेशा से ही पैसों को निवेश करने के लिए लोगों के बीच लोकप्रिय है और सुरक्षित तरीका होता है। फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी में निवेशकों को एक निश्चित अवधि के लिए अपना पैसा निवेश करना होता है। इस अवधि के दौरान निवेशकों को एक फिक्स्ड ब्याज दर से रिटर्न मिलता है। ऐसे में अगर आप भी अपने पैसों को निवेश करना चाहते हैं, तो आपको एफडी में अपने पैसों को जरूर निवेश करना चाहिए एफडी में लंबे समय तक निवेश करके आप लाखों रुपये का मुनाफा कमा सकते हैं। एफडी में भले की ब्याज कुछ मिलता है लेकिन पैसों का कोई खतरा नहीं होता। आप थोड़ा थोड़ा करके आसानी से अच्छा पैसा जोड़ सकते हैं जो बुढ़ापे में या आपके बच्चों की पढ़ाई में या फिर उनकी शादी के समय में आपके काफी काम आ सकता है। अगर आपने अभी तक किसी भी एफडी में अपने पैसों का निवेश नहीं किया है, तो आज हम आपको एफडी में निवेश करने के कई फायदों के बारे में बताने वाले हैं, जिन्हें जानकर आप एफडी में निवेश जरूर करेंगे।

### एफडी में निश्चित रिटर्न

एफडी में मिलने वाला रिटर्न पहले से ही फिक्स्ड होता है। ऐसे में आप मिलने वाले रिटर्न के हिसाब से अपनी आगे की प्लानिंग कर सकते हैं। एफडी का रिटर्न निवेश करने के बाद कम या ज्यादा नहीं होता है और आपके पैसे के खोने का डर भी नहीं लगता। इसे समय से पहले भी जरूरत पड़ने पर भुनाया जा सकता है।




### एफडी में अच्छा रिटर्न

एफडी में सुरक्षित और निश्चित रिटर्न के साथ साथ अच्छा रिटर्न भी मिलता है। कई बैंक अपनी एफडी पर काफी अच्छा रिटर्न देते हैं। इसके अलावा एनबीएफसी की एफडी में आप 9 प्रतिशत की दर से भी रिटर्न पा सकते हैं। इतना ही नहीं सीनियर सिटीजन को एफडी में अधिक ब्याज का लाभ मिलता है। आप अपने माता-पिता के नाम पर भी एफडी करवा सकते हैं और अधिक रिटर्न पा सकते हैं।

### छोटी से लेकर लंबी अवधि

एफडी में आप छोटी से लेकर लंबी अवधि के लिए निवेश कर सकते हैं। इसमें आप 7 दिन से लेकर 10 साल तक की अवधि के लिए निवेश कर सकते हैं। खास बात यह कि एफडी का समय पूरा होते ही पैसा अपने आप आपके खाते में आ जाता है। कई बैंक और फाइनेंशियल कंपनियां एफडी पर लोन की सुविधा भी देती हैं। ऐसे में निवेशक मुश्किल समय में पैसों का इंतजाम भी कर सकते हैं।

### एफडी में टैक्स छूट

एफडी में निवेश करके टैक्स छूट का लाभ ले सकते हैं। यह छूट इनकम टैक्स के सेक्शन 80सी के तहत मिलती है, जिसके तहत आप 5 साल की टैक्स सेविंग एफडी में निवेश कर 1.50 लाख रुपये तक की टैक्स छूट पास सकते हैं।

### स्मॉल फाइनेंस बैंकों में एफडी दरें

- सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक : 1 साल की एफडी पर 7.50% तक ब्याज देता है, जबकि 3 साल की एफडी पर 8.00% और 5 साल की एफडी पर 8.20% तक ब्याज मिलता है।
- जना स्मॉल फाइनेंस बैंक : 1 साल की एफडी पर 7.25% से 8.00%, जबकि 3 साल की एफडी पर 8.20% तक ब्याज मिलता है।
- उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक : 1 साल की एफडी पर 6.00% से 8.50% तक ब्याज देता है, जबकि वरिष्ठ नागरिकों को 9.10% तक ब्याज मिलता है।

### प्राइवेट बैंकों में एफडी दरें

- आरबीएल बैंक: 1 साल की एफडी पर 7.00% से 7.20% तक ब्याज देता है।
- यस बैंक: 1 साल में 6.75% से 7.00% ब्याज
- इंडसइंड बैंक: 1 साल की एफडी पर 6.75% से 7.00% तक ब्याज देता है।
- आईसीआईसीआई बैंक: 1 साल की एफडी पर 6.50% तक ब्याज देता है।

### सरकारी बैंकों में एफडी दरें

- बैंक ऑफ बड़ौदा: 1 साल की एफडी पर 6.60% तक ब्याज देता है।
- पंजाब नेशनल बैंक: 1 साल की एफडी पर 6.60% तक ब्याज देता है।
- यूनियन बैंक ऑफ इंडिया: 1 साल की एफडी पर 6.60% तक ब्याज देता है।
- एसबीआई : 1 साल की एफडी पर 6.45% तक ब्याज देता है।



## हाइएस्ट एसेट वाले 5 लार्जकैप फंड्स ने 25% तक दिया सालाना रिटर्न

बिजनेस डेस्क

म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों के लिए लार्ज कैप फंड्स को स्मॉल कैप या मिड कैप की तुलना में ज्यादा सुरक्षित और भरोसेमंद ऑप्शन माना जाता हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि लार्ज कैप फंड देश की टॉप और मजबूत कंपनियों में निवेश करते हैं, जिसकी वजह से लंबे समय में इनका रिस्क थोड़ा कम रहता है और स्टेबल रिटर्न मिलने की उम्मीद भी रहती है। एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) के लिहाज से इस वक्त देश के टॉप 5 लार्ज कैप फंड्स में एसबीआई म्यूचुअल फंड, एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, आईसीआईसीआई प्रू, निप्पॉन इंडिया और मिरे एसेट की स्कीम्स शामिल हैं। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स ऑफ इंडिया (एएमएफआई) के 12 सितंबर 2025 तक अपडेटेड आंकड़ों के मुताबिक इन फंड्स ने पिछले 5 सालों में 18% से 25% तक एनुअल रिटर्न दिया है।

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लार्ज कैप फंड

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लार्ज कैप फंड इस समय सबसे ज्यादा एसेट वाला लार्ज कैप फंड है। इसका एयूएम करीब 73,731 करोड़ रुपये है। पिछले 5 साल में इस फंड ने डायरेक्ट प्लान से 22.32% और रेगुलर प्लान से 21.60% का सालाना रिटर्न दिया है. खर्च के मामले में इसका एक्सपेंस रेशियो डायरेक्ट प्लान में 0.86% और रेगुलर प्लान में 1.42% है। लगातार मजबूत परफॉर्मेंस ने इसे निवेशकों के बीच लोकप्रिय बना दिया है।

### एसबीआई लार्ज कैप फंड

एसबीआई लार्ज कैप फंड का एयूएम 53,887 करोड़ रुपये है. इस फंड ने पिछले 5 सालों में डायरेक्ट प्लान से 19.93% और रेगुलर प्लान से 19.07% सालाना रिटर्न दिया है. इसका एक्सपेंस रेशियो डायरेक्ट प्लान में 0.81% और रेगुलर प्लान में 1.49% है।

### निप्पॉन इंडिया लार्ज कैप फंड

निप्पॉन इंडिया लार्ज कैप फंड का एयूएम 46,628 करोड़ रुपये है. पिछले परफॉर्मेंस के मामले में यह सबसे आगे रहा है. पिछले 5 साल में इस फंड के डायरेक्ट प्लान ने 25.55% और रेगुलर प्लान ने 24.50% की दर से सालाना रिटर्न दिया है। एक्सपेंस रेशियो डायरेक्ट प्लान में 0.69% और रेगुलर प्लान में 1.51% है। हाई रिटर्न की वजह से यह फंड निवेशकों के बीच काफी पॉपुलर बना हुआ है।

### मिरे एसेट लार्ज कैप फंड

मिरे एसेट लार्ज कैप फंड का एयूएम 40,510 करोड़ रुपये है। इस फंड का 5 साल का सालाना रिटर्न डायरेक्ट प्लान में 18.06% और रेगुलर प्लान में 16.87% रहा है। खर्च की बात करें तो इसका एक्सपेंस रेशियो डायरेक्ट प्लान में 0.55% और रेगुलर प्लान में 1.52% है. डायरेक्ट प्लान का लो एक्सपेंस रेशियो इसकी खास बात है।

### एचडीएफसी लार्ज कैप फंड

एचडीएफसी लार्ज कैप फंड का एयूएम 38,689 करोड़ रुपये है। पिछले 5 साल में इस फंड के डायरेक्ट प्लान ने 21.87% और रेगुलर प्लान ने 21.15% के हिसाब से सालाना रिटर्न दिया है। इस फंड का एक्सपेंस रेशियो डायरेक्ट प्लान में 0.99% और रेगुलर प्लान में 1.60% है। मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड और भरोसेमंद ब्रांड वैल्यू की वजह से यह फंड निवेशकों के बीच लोकप्रिय बना हुआ है।

# दिवाली पर सोना चमका सकता है किस्मत, कर सकते हैं निवेश

**सुझाव** | बिजनेस डेस्क

इस दिवाली पर आप भी अपनी किस्मत चमका सकते हैं, लेकिन आपको अपना लक्ष्य लेकर चलना होगा। पहले यह देखें कि निवेश के लिए क्या सही है। हालांकि वर्ष 2010 से अब तक देखा जाए तो सोने ने सबसे अधिक रिटर्न दिया है। 2010 से दिवाली-दर-दिवाली रिटर्न के मामले में सोना, निफ्टी से कहीं आगे रहा है। इस अवधि में किया गया 10,000 रुपये प्रति वर्ष का निवेश 4.47 लाख रुपये में बदल गया। वहीं, इस अवधि में निफ्टी 50 का रिटर्न 3.72 लाख रुपये रहा है। पिछले वर्ष के दौरान सोने के बेहतर प्रदर्शन ने सभी निवेशकों को आश्चर्यचकित कर दिया है, जबकि दलाल स्ट्रीट के कमजोर प्रदर्शन ने निवेशकों का सेंटीमेंट कमजोर कर दिया है और इक्विटी मार्केट के शॉर्ट आउटलुक को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि, त्यौहारी सीजन के करीब आने के साथ ही मनीकंट्रोल ने 2010 से हर दिवाली पर सोने और इक्विटी के रिटर्न का विश्लेषण किया है।

**2010 से दिवाली दर दिवाली रिटर्न के मामले में सोना, निफ्टी से आगे रहा**

## 2010 से अब तक 10,000 रुपये प्रति वर्ष का निवेश 4.47 लाख रुपये में बदला

**विश्लेषण में यह खुलासा**

इस विश्लेषण से पता चलता है कि इक्विटी में पिछले कुछ वर्षों में लगातार तेजी देखने को मिली। वहीं, सोने में काफी वोलैटिलिटी देखने को मिली है। इस अवधि में गोल्ड में लंबे समय तक सुस्त प्रदर्शन देखने को मिला है फिर इसकी कीमतों में तेज उछाल भी देखने को मिला है। यदि किसी निवेशक ने 2010 से प्रत्येक दिवाली पर निफ्टी 50 के साथ-साथ सोने में 10,000 रुपये का निवेश किया होता, तो आज इसके बिल्कुल अलग-अलग होते।

### सोने का रिटर्न शेयरों से बेहतर

अगर 2010 से हर दिवाली पर सोने में 10,000 रुपये का निवेश किया गया होता तो शेयरों की तुलना में बेहतर रिटर्न देखने को मिलता। सोने में इस सिस्टेमेटिक सालाना निवेश से 1.5 लाख रुपये का निवेश इस अवधि में 4.47 लाख रुपये में बदल जाता। वहीं, इक्विटी में किया गया 10,000 रुपये का सालाना निवेश आज की तारीख में 3.72 लाख रुपये ही हुआ होता। इसका मतलब यह है कि 2010 से हर साल 10,000 रुपये का निवेश करने से सोने का प्रदर्शन निफ्टी से बेहतर होता, जो निवेश में 4.5 गुना की बढ़त करता, जबकि निफ्टी में 15 सालों में 3.7 गुना की ही बढ़ोतरी हासिल करता। हालांकि, अगर किसी निवेशक ने पिछले 15 सालों के बाद अपनी निवेश यात्रा शुरू की है और पिछले 5 सालों में हर दिवाली पर सोने और शेयरों में पूंजी लगाने का फैसला किया है, तो भी सोने का रिटर्न शेयरों से बेहतर रहा होता।

### सोने की सालाना ग्रोथ 15.1% रही

पिछले 5 सालों में दिवाली-दर-दिवाली सोने की कमतों में सालाना (सीएजीआर) 16.1 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी देखने को मिली है। जबकि निफ्टी 50 की सालाना ग्रोथ रेट 13.8 प्रतिशत रही है। अगर पिछले दस सालों के दोनों के अंतर को देखें,तो यह अंतर कम हो जाता है। इस अवधि में सोने की सालाना ग्रोथ 15.1 प्रतिशत रही है, जबकि निफ्टी 50 की सालाना ग्रोथ 12.3 प्रतिशत रही है। अगर किसी दूसरे साल भी दिवाली पर निफ्टी और गोल्ड में 10-10 हजार रुपए का निवेश किया गया होता तो नतीजे अलग-अलग होते और सोने का प्रदर्शन ज्यादा बेहतर होता। अगर, 2010 में ये निवेश किया गया होता तो शेयरों किया गया ये निवेश 39,180 रुपये हो गया होता। जबकि आज सोने में की गई निवेश की कीमत 54,200 रुपये हो गई होती।

### ऐसे समझें रिटर्न का गणित

2015 में निफ्टी किए गए इतने निवेश का भाव इस समय 31,630 रुपये हो गया होता। जबकि सोने में किया गया ये निवेश 41,340 रुपये हो गया होता। अगर यही निवेश 2020 में हुआ होता तो दोनों असेट्स में अच्छा रिटर्न मिला होता। इस अवधि में निफ्टी में किया गया निवेश 19,370 रुपये होता। जबकि, सोने में किया गया निवेश थोड़ा बेहतर 20,980 रुपये पर रहा होता।

### मुद्रास्फीति के खिलाफ सुरक्षा

- सोना अक्सर मुद्रास्फीति के खिलाफ एक अच्छा हेज माना जाता है। जब मुद्रास्फीति बढ़ती है, तो सोने की कीमतें भी बढ़ सकती हैं।
- विविधीकरणसोना एक विविध निवेश विकल्प है जो आपके पोर्टफोलियो को विविध बनाने में मदद कर सकता है। इससे जोखिम कम हो सकता है और रिटर्न बढ़ सकता है।
- आर्थिक अनिश्चितता के समय सुरक्षासोना अक्सर आर्थिक अनिश्चितता के समय एक सुरक्षित निवेश विकल्प माना जाता है। जब बाजार अस्थिर होते हैं, तो सोने की कीमतें बढ़ सकती हैं।
- लंबी अवधि के लिए निवेशसोना एक लंबी अवधि के लिए निवेश विकल्प हो सकता है। सोने की कीमतें लंबी अवधि में बढ़ सकती हैं, जिससे आपको अच्छा रिटर्न मिल सकता है।
- भौतिक संपत्तिसोना एक भौतिक संपत्ति है जिसे आप अपने पास रख सकते हैं। इससे आपको एक सुरक्षित और ठोस निवेश विकल्प मिलता है।
- वैश्विक मांगसोने की वैश्विक मांग हमेशा बनी रहती है, जिससे इसकी कीमतें स्थिर रहती हैं।
- निवेश के विभिन्न विकल्पसोने में निवेश करने के विभिन्न विकल्प हैं, जैसे कि भौतिक सोना, सोने के बॉन्ड, सोने के म्यूचुअल फंड, और सोने के ईटीएफ ।

## खबर संक्षेप

### एमडीयू में हॉस्टल के सामने किया पौधरोपण

**रोहतक।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के बॉयज हॉस्टल परिसर में धौलागिरी हॉस्टल के सामने विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एससी मलिक ने पौध लगाकर किया। प्रो. ए.एस. मलिक ने अपने संबोधन में कहा कि हरियाली ही स्वच्छ और स्वस्थ जीवन का आधार है। छात्रों को चाहिए कि वे न केवल पौधे लगाएं, बल्कि उनकी देखभाल को भी अपनी जिम्मेदारी समझें। उन्होंने सभी को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने और हरित परिसर की दिशा में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

### छात्रों ने एमडीयू हेल्थ सेंटर का भ्रमण किया

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के हेल्थ सेंटर में यूनिवर्सिटी ऑफ पब्लिक हेल्थ साइंसेज के छात्रों का एक शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस एजुकेशनल विजिट का आयोजन प्रो. मुनीष गर्ग, निदेशक, यूनिवर्सिटी ऑफ पब्लिक हेल्थ साइंसेज द्वारा किया गया था, जिसका उद्देश्य छात्रों को फार्मेसी संचालन, दवा भंडारण एवं वितरण प्रणाली की व्यावहारिक जानकारी देना था। इस अवसर पर वरिष्ठ सलाहकार डॉ. आनंद सिंह डांगी, शोधार्थी सोनिया तंवर एवं लैब अटेंडेंट मेहर सिंह ने छात्रों के साथ हेल्थ सेंटर का अवलोकन किया।

### प्रतिभा खोज समारोह 'हुनर-2025' सम्पन्न

**रोहतक।** राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में प्राचार्या इंदू सपरा के कुशल निर्देशन में दो दिवसीय प्रतिभा खोज समारोह हुनर-2025 का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए नृत्य एवं संगीत प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि प्राचार्या इंदू सपरा ने कहा कि जीवन में प्रगति के लिए भय और संकोच को दूर करना आवश्यक है। निरंतर सीखते रहने की प्रवृत्ति ही सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने छात्राओं को प्रतियोगिताओं में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। सांस्कृतिक समिति की संयोजिका डॉ. अलका एवं सह-संयोजिका डॉ. मधुबाला के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। गायन प्रतियोगिता में विनु ने प्रथम, श्वेता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## राज्य स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिताओं का हो रहा आयोजन

# रोहतक की बालिका हॉकी टीम ने फतेहाबाद में जीता सिल्वर

अंडर-19 बालिका हॉकी टीम ने अब तक बेहतरीन प्रदर्शन कर सभी का दिल जीता

1. 19 से 21 सितम्बर तक फतेहाबाद में हॉकी प्रतियोगिता हो रही
2. हॉकी में छात्राओं के प्रदर्शन की हर तरफ हो रही है सरहाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न जिलों में राज्य स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। मीडिया कन्वीनर डॉ. जनक राज ने बताया कि इसी क्रम में 19 से 21 सितम्बर तक फतेहाबाद में हॉकी (बालिकाएं) अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं, इनमें रोहतक ज़िले की अंडर-19 बालिका हॉकी टीम अब तक बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीतकर रोहतक जिले का नाम राज्य स्तर पर रोशन किया, आयु वर्ग अंडर-19 वर्ष की लड़कियों की टीम इंचार्ज सुषमा डीपीई (राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, लाखन माजरा) को सभी अधिकारियों ने ढेर सारी बधाई दी और उन्हें शुभकामनाएं दी।



**रोहतक।** रोहतक जिले की सिल्वर मेडल विजेता हॉकी टीम आयोजकों और उनके इंचार्ज के साथ।



**रोहतक** जिले की फुटबॉल टीम एईईओ राकेश सिवाच और टीम इंचार्ज मनोज कादयान के साथ।

### लगातार तीन मैच जीतकर फाइनल के लिए पहुंचे

टीम इंचार्ज सुषमा नांदल ने बताया कि खिलाड़ी लगातार तीन मैच जीतकर फाइनल मुकाबले के लिए पहुंचे थे, उन्हें मामूली अंतर से सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा, खिलाड़ियों के संघर्ष और टीम-वर्क की सराहना सभी स्तरों पर की जा रही है।

### विजेता टीम और कोच को दी शुभकामनाएं

प्रतियोगिता स्थलों पर खिलाड़ियों के खेल प्रदर्शन को देखकर अधिकारियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों ने खिलाड़ियों को बधाई दी और आगामी मैचों के लिए शुभकामनाएं दीं। खिलाड़ियों ने रोहतक जिले का नाम रोशन किया।

### शानदार खेल से जीता सभी का दिल

अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग की प्रतियोगिताएं जारी हैं, इंचार्ज मनोज कादयान ने बताया कि इनमें रोहतक की अंडर-14 फुटबॉल टीम ने उम्दा खेल का प्रदर्शन करते हुए दूसरे राउंड में प्रवेश कर लिया है और आगामी मैचों में बेहतर प्रदर्शन की पूरी संभावना है। वहीं अंडर-17 और अंडर-19 फुटबॉल टीमों ने अच्छा खेल दिखाया, लेकिन वे प्रतियोगिता के अगले दौर में प्रवेश नहीं कर सकीं। प्रतियोगिता स्थलों पर खिलाड़ियों के खेल प्रदर्शन को देखकर अधिकारियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों ने खिलाड़ियों को बधाई दी और आगामी मैचों के लिए शुभकामनाएं दी। सहायक शिक्षा अधिकारी खेल संजय मलिक ने बताया कि रोहतक जिले की टीमें अभी तक शानदार प्रदर्शन कर रही हैंऔर हमें पूरा विश्वास है आगे भी ऐसा ही करेंगे।

## न्यूज डायरी



### विश्व शांति दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

**रोहतक।** सैनी इंस्टिट्यूट ऑफ गर्ल्स एजुकेशन में यूथ रेड क्रॉस यूनिट की ओर से शनिवार को विश्व शांति दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। ज्ञात रहे कि विश्व शांति दिवस प्रत्येक वर्ष 21 सितंबर को मनाया जाता है। कार्यक्रम में हार्टफुलनेस संस्था के विशेषज्ञ ब्रिगेडियर महा सिंह हुड्डा और सेवानिवृत्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी फूल सिंह ढाका मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने छात्राओं को ध्यान की विधि सिखाई और बताया कि यह हृदय केंद्रित साधना है, जो तनाव को कम करने और आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायक है। इस अवसर पर बीएड कॉलेज के महासचिव डॉ. राजेश सैनी, मैनेजर श्याम कटारिया, प्राचार्य डॉ. अलका बत्रा, डॉ. शोभा, पूजा सैनी, डॉ. सुमन, डॉ. रेखा, डॉ. मीनू, सोनिया और सोनिया सिंह सहित सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे।



### रेवाड़ी में छाए द आर्यन ग्लोबल स्कूल के छात्र

**रोहतक।** रेवाड़ी में आयोजित 58वीं हरियाणा राज्य विद्यालय खेल प्रतियोगिता में द आर्यन ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र संजीव ने रिदमिक योग श्रेणी में स्वर्ण पदक हासिल कर विद्यालय का मान बढ़ाया। साथ ही राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर उन्होंने अपनी योग्यता साबित की। संजीव ने अपनी योग शिक्षिका दुर्गा देवी के मार्गदर्शन में यह उपलब्धि प्राप्त की। उन्होंने सिद्ध किया कि आर्यन्स किसी भी गतिविधि में पीछे नहीं रहते। विद्यालय के प्रधानाचार्य आरके खन्ना ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह की उपलब्धियां विद्यालय के गौरव को बढ़ाने वाली हैं। उन्होंने संजीव के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और विद्यार्थियों को निरंतर खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



### मानव कल्याण सेवा समिति ने कराई भागवत कथा



**रोहतक।** मानव कल्याण सेवा सोसायटी द्वारा 11वीं संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध कथा वाचक देशमुख वशिष्ठ ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन प्रस्तुत किया। कथा में रुक्मणि विवाह और गोवर्धन लीला जैसे पावन प्रसंगों का ऐसा चित्रण किया गया कि श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और वातावरण भक्ति रस से सराबोर हो गया। इस पावन अवसर पर सोसायटी द्वारा दूसरे रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और 70 से अधिक लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा में अपना योगदान दिया। सोसायटी के पदाधिकारियों ने सभी रक्तदाताओं का आभार प्रकट किया और कहा कि ऐसे आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को मजबूती देते हैं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का भी संदेश प्रसारित करते हैं। उन्होंने भविष्य में भी कथा और सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखने की घोषणा की। आयोजन स्थल पर भक्ति, सेवा और मानवता का अनोखा संगम देखने को मिला, जिसने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद के साथ-साथ समाजसेवा के लिए भी प्रेरित किया।

## नागरिकों सफाई अभियान में करें सहयोग

# स्वच्छता जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा : अतिरिक्त उपायुक्त



**रोहतक।** मौके पर निरीक्षण करते अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेंद्र कुमार। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेंद्र कुमार ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा गतिविधियां क्रियान्वित की जा रही है। उन्होंने कहा कि गांवों की डंपिंग साईटों की सफाई करवाई गई। अतिरिक्त उपायुक्त ने आज गांव मदीना गिंधराण का मौका निरीक्षण किया गया। नरेंद्र कुमार ने शहीद स्मारकों पर फूल मालाएं चढक़र शहीदों का सम्मान किया व स्वच्छता ही सेवा का जायजा लिया।अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने गांव के मिडिल स्कूल में पौधारोपण किया और सफाई का जायजा लिया। उन्होंने सरपंच तथा ग्राम वासियों के साथ मिलकर गांव के मुख्य बस स्टैंड और सार्वजनिक जगहों का भी मौका निरीक्षण किया। अतिरिक्त उपायुक्त ने ग्राम वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि सफाई हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है, हमें अपने घरों की सफाई के साथ-साथ अपने आसपास भी सफाई करें।

## विद्यार्थियों की सफलता से पूरे स्कूल में जश्न का माहौल दिखाई दिया

# स्कॉलर रोजरी स्कूल के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में लहराया परचम, पुरस्कृत

बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

स्कॉलर रोजरी स्कूल के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए न केवल विद्यालय बल्कि पूरे शहर का नाम रोशन किया। इन उपलब्धियों ने यह साबित कर दिया कि यदि जज़्बा और मेहनत हो तो सफलता दूर नहीं रहती। सातवीं कक्षा के प्रतिभाशाली छात्र लोविश और कनिश ने भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय सीबीएसई रोष स्किपिंग अंडर-14 टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतकर यह सिद्ध कर दिया कि समर्पण और निरंतर अभ्यास से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इसी कड़ी में सातवीं कक्षा की मेधावी छात्रा माही सहरावत ने 27 से 30 अगस्त 2025 तक चित्तौड़गढ़, राजस्थान में आयोजित राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। माही ने 11 हजार रुपये का नकद पुरस्कार भी प्राप्त किया। यह आयोजन रक्षा अकादमी, चित्तौड़गढ़ द्वारा आयोजित और मेवाड़ सेना कोर द्वारा अनुमोदित था।






### विजेता विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया

छठीं कक्षा की छात्रा इरावी ने रायपुर में संपन्न हुई। जूडो राष्ट्रीय सब-जूनियर कुराश चैंपियनशिप 2025-26 में 36 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। टूर्नामेंट के दौरान उसका प्रदर्शन दर्शकों और निर्णायकों को अत्यंत प्रभावित करने वाला रहा। इस अवसर पर विद्यालय में विजेता विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया।



रोहतक। बखेता के गर्वमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों को पौधे बांटे गए।

### खुशी के मौके पर एक पौधा जरूर लगाएं : जय कुमार

**रोहतक।** बखेता के गर्वमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को स्वस्थ्य नारी स्वस्थ परिवार कार्यक्रम में आयोजित किया गया। इस दौरान स्कूल में पौधरोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़े उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। प्रिंसिपल सुशीला ने बच्चों को पौधरोपण का महत्व बताया। छात्रों को पौधों की देखभाल की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम में सेक्टर तीन पॉलीक्लीनिक के फार्मा अधिकारी जयकुमार ने बच्चों से कहा कि किसी भी खुशी के मौके पर हमें एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। पौधे से ही हमारा जीवन खुशहाल हो सकता है। इस दौरान स्कूल की प्रिंसिपल सुशीला, शिक्षिका बबिता, जय कुमार, राहुल, विकास मौजूद रहे। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर रोहतक में सीएम नायाब सिंह सैनी ने बुधवार को "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान" का शुभारंभ किया था। इसी को लेकर प्रदेश भर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# आरकेपी स्कूल में मनाया विश्व शांति दिवस विद्यार्थियों को पढ़ाया संस्कारों का पाठ

बच्चों को महान पुरुषों की कहानियां बताकर किया समाज सेवा के लिए प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

आरकेपी स्कूल मदीना में विश्व शांति दिवस धूमधाम से मनाया गया। शांति का संकल्प, विश्व शांति और आत्मिक शांति आदि विषयों पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जैसे महान नेताओं के जीवन और उनकी शिक्षाओं पर अपने विचार रखे। शांति पक्षी बनाकर उन पर शांति संदेश लिखकर शांति का महत्व बताया। विद्यार्थियों ने रावण का पुतला बनाकर अपनी कमजोरी जैसे क्रोध, लालच व आलस आदि को चिह्नित किया और उन्हें दूर करने का संकल्प लिया। विद्यार्थियों ने "पीस बिल्डर्स" विषय पर प्रस्तुतियाँ दीं और विश्व शांति में योगदान देने वाले महान व्यक्तित्वों और संगठनों पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्या गीता राठी ने कहा कि आज के समय में शांति सबसे बड़ी आवश्यकता है।



**महम।** विश्व शांति दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेते आरकेपी स्कूल मदीना के विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

## प्रतियोगिताओं में छाए विद्यार्थी

### राज्य स्तरीय फैंसिंग टूर्नामेंट में सेंट मेरी के रुस्तम का जलवा



**रोहतक।** सेंट मैरी पब्लिक स्कूल के मैट्रिक के छात्र रुस्तम ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय फैंसिंग टूर्नामेंट में अंडर-17 आयु वर्ग में तृतीय स्थान हासिल किया। यह प्रतियोगिता 16 से 18 सितंबर तक राव तुला राम स्टेडियम, रेवाड़ी में आयोजित हुई। रुस्तम की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय लौटने पर प्राचार्या रीमा मलिक ने उसे मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि रुस्तम ने यह साबित किया है कि मेहनत और समर्पण से किसी भी क्षेत्र में सफलता पाई जा सकती है।



### कौशल स्पर्धा प्रतियोगिता संपन्न

**रोहतक।** तिलियार लेक स्थित होटल प्रबंधन संस्थान में शुक्रवार को पांच दिवसीय कौशल स्पर्धा प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक समापन हो गया। यह जानकारी देते हुए संस्थान के व्याख्याता विकास देशवाल ने बताया कि इनर व्हील क्लब तथा पिज़्ज़ा विंग्स के सौजन्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें पांचों दिन अलग-अलग प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें आर्ट आफ विजन, फाइन डाइन कवर, बिरयानी मेकिंग, बेड मेकिंग प्रमुख रहे। इन प्रतियोगिताओं में क्रमशः कार्तिक प्रथम वर्ष, निकेश डिप्लोमा फूड प्रोडक्शन तथा कृष्ण वर्मा प्रथम स्थान पर रहे।

## बीएमयू में पृथ्वी कल्याण के संदेश को लेकर वॉकाथॉन का आयोजन

# विद्यार्थियों को आयुर्वेद की प्राचीन पद्यति से अवगत करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) एचएल वर्मा के मार्गदर्शन में बाबा मस्तनाथ आयुर्वेदिक कॉलेज द्वारा वॉकाथॉन का आयोजन किया गया। यह वॉकाथॉन दिल्ली बाईपास से प्रारंभ होकर विश्वविद्यालय परिसर तक निकाला गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी आयुर्वेद दिवस 2025 (23 सितम्बर) के उपलक्ष्य में समाज को आयुर्वेद और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व से जोड़ना था।

इस वर्ष आयुर्वेद दिवस की थीम "आयुर्वेद जन-जन के लिए, पृथ्वी के कल्याण के लिए" निर्धारित की गई है। यह थीम न केवल व्यक्ति के समग्र स्वास्थ्य और संतुलित जीवनशैली पर बल देती है, बल्कि मानव और प्रकृति के बीच सामंजस्यपूर्ण संबंधों की आवश्यकता को भी रेखांकित करती है। आयुर्वेदिक कॉलेज के डीन डॉ. नीरज कुमार ने बताया कि इस वॉकाथॉन का मुख्य उद्देश्य आयुर्वेद की प्राचीन और वैज्ञानिक परंपराओं को जन-जन तक पहुंचाना, युवाओं में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और समाज को प्राकृतिक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं, संकाय सदस्यों और विश्वविद्यालय के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतिभागियों ने उत्साह और जोश के साथ वॉकाथॉन को सफल बनाया, जिससे विश्वविद्यालय समुदाय की स्वास्थ्य, कल्याण और पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता स्पष्ट हुई। इस आयोजन ने विश्वविद्यालय और समाज के बीच संवाद और सहयोग की भावना को और मजबूत किया।




**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में वॉकाथॉन का आयोजन।

### प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया

कार्यक्रम का सफल संचालन कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. अजय दहिया और समन्वयक डॉ. अनुपमा पात्रा के नेतृत्व में हुआ। इनके मार्गदर्शन और सूझबूझपूर्ण प्रबंधन से सभी प्रतिभागियों के लिए यह आयोजन न केवल सुरक्षित रहा बल्कि एक प्रेरणादायक और आनंददायक अनुभव भी सिद्ध हुआ। स्थानीय लोगों ने भी वॉकाथॉन का स्वागत किया और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया

**मानसरोवर हॉस्पिटल**
**REQUIRES**
- ICU Staff 6
- PRO/Marketing Executive 6
- Computer Operator (Male) 2
- Computer Operator (Female) 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

hartron ISO 9001 : 2015
Enhance your talent
**HARTRON**
**SKILL CENTRE For**
**Computer Education & Training**
M.7206002575, 8929411222
Above IDBI Bank, Power House, Chowk, Rohtak
**ADMISSION OPEN-2025**

| Sr. No. | Name of Course | Course Duration |
|---|---|---|
| 1. | Computer Hardware and Networking Associate | 52 (Weeks) |
| 2. | Course In Computer Application | 52 (Weeks |
| 3. | Course in Digital Accounting | 52 (Weeks |
| 4. | Course in Designing and Publishing | 52 (Weeks |
| 5. | Course in Web Technology | 52 (Weeks |
| 6. | Course in Software Development | 52 (Weeks |
| 7. | Advanced Course in Computer Application | 52 (Weeks |
| 8. | Digital Marketing Assistant | 26 (Weeks |
| 9. | Software Or Application Testing Assistant | 26 (Weeks |
| 10. | Assistant PHP Developer | 26 (Weeks) |
| 11. | Hardware Peripheral and Installation Assistant | 26 (Weeks |
| 12. | Application Development -Android | 26 (Weeks |
| 13. | Course in IT Foundation and Tools | 26 (Weeks |
| 14. | Certificate Course in Computer Basics & Accounting | 26 (Weeks) |
| 15. | Certificate Course in Web Designing and Multimedia | 26 (Weeks |
| 16. | C Language | 04 (Weeks |
| 17. | C Plus Plus With Oops | 08 (Weeks) |
| 18. | PHP With Mysql | 04 (Weeks) |
| 19. | Core Java | 06 (Weeks |
| 20. | Advance Java | 08 (Weeks |
| 21. | Financial Accounting | 06 (Weeks) |
| 22. | Autocad | 08 (Weeks) |
| 23. | Fundamentals of Cyber Security | 06 (Weeks) |
| 24. | Programming with Python | 12 (Weeks) |
| 25. | Fundamentals of Computer | 12 (Weeks) |

समय पर पहचान कर पूरा करवाएं इलाज

# 2027 तक देश को करना है कुष्ठ रोग मुक्तः कुलपति

**दुनिया के 52 प्रतिशत मामले अकेले भारत में**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत शनिवार को चर्म रोग विभाग द्वारा कुष्ठ रोग और एसटीडी पर जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथियों में पीजीआईएमएस के निदेशक डॉ. एस के सिंघल, डॉ. अशोक चौहान, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल और विभाग अध्यक्ष डॉ. सुरभि शामिल रहे।

**विकसित भारत के विजन में सहयोग दें**

उपस्थित आमजन को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ.एचके अग्रवाल ने आज के इस कैंप के आयोजन के लिए चर्म रोग विभागाध्यक्ष डॉ. सुरभि दयाल और उनकी टीम को बधाई देते हुए कहा कि संस्थान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से शुरू हुए सेवा पखवाड़े के अंतर्गत लगभग सभी कार्यक्रम नारी शक्ति के स्वास्थ्य जागरूकता और उत्थान से संबंधित हैं। उन्होंने कहा कि हमारी नारी स्वस्थ तो परिवार सशक्त होगा। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि हम सभी को प्रधानमंत्री के लक्ष्य विकसित भारत 2047 को हासिल करने में अपना सहयोग देना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह स्क्रीनिंग एक दिन की नहीं अपितु साल भर चलनी चाहिए। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि एक आंकड़े के अनुसार विश्व में कुष्ठ रोग के कुल मामलों में करीब 52 प्रतिशत केस भारत में है, लेकिन राहत भरी बात यह है कि इसके प्रचलन दर में कमी आ रही है और नए केस में भी कमी आई है। डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि भारत देश का लक्ष्य है 2027 तक देश को कुष्ठ रोग मुक्त बनाना और यह तभी संभव है जब रोग की समय पर पहचान, समय पर जांच और समय पर पूर्ण इलाज हो।



रोहतक। कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल। फोटो : हरिभूमि

**जागरूकता जरूरी**

निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने कहा कि कुष्ठ रोग और एसटीडी के बारे में जागरुकता फैलाना अत्यंत महत्वपूर्ण है। डीन डॉ. अशोक चौहान ने कहा कि इन रोगों के लक्षण, कारण और उपचार के बारे में जानकारी प्रदान करने से हम इन रोगों के प्रसार को रोक सकते हैं और लोगों को स्वस्थ जीवन जीने में मदद कर सकते हैं। चिकित्सा अधीक्षक और पखवाड़े के नोडल अधिकारी डॉ. कुंदन मित्तल ने कहा कि विशेषज्ञ डॉक्टरों ने इस शिविर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कुष्ठ रोग और एसटीडी के बारे में विस्तृत जानकारी दी और लोगों के सवालों का जवाब दिया। पीजीआईएमएस स्किन एंड वीडी विभाग की सीनियर प्रोफेसर एवं अध्यक्ष डॉ. सुरभि दयाल ने बताया कि इस जागरूकता शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपने विचार साझा किए और लोगों के सवालों का जवाब दिया। उन्होंने कुष्ठ रोग और एसटीडी के बारे में विस्तृत जानकारी दी और इन रोगों से बचाव के उपायों पर चर्चा की। डॉ. सुरभि ने बताया कि कैंप के दौरान कुष्ठ और एसटीडी रोग के कई नए केस मिले। डॉ. कमल अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के जागरूकता शिविरों से हम लोगों को जागरूक कर सकते हैं और इन रोगों के प्रसार को रोक सकते हैं। इस अवसर पर डॉ. सुरभि, डॉ. कमल अग्रवाल, डॉ.ईशा गुप्ता सहित विभाग के सभी चिकित्सक व स्टाफ उपस्थित रहा।

**खबर संक्षेप**



### सरकारी अस्पताल में सिजेरियन से हुई डिलीवरी

**सांपला।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को एक महिला ने दो बच्चों को जन्म दिया। डॉक्टरों की टीम ने महिला की सिजेरियन सुरक्षित डिलीवरी कराई। डॉक्टर कोमल डॉ. रीवा, डॉक्टर मनीषा, डाक्टर पुष्पेंद्र की टीम ने यह ऑपरेशन किया। एसएमओ डाक्टर रीटा गोयल ने बताया कि ब्लॉक की महिलाओं को पहले रोहतक व नीजी अस्पतालों में ऑपरेशन के लिए जाना पड़ता था, लेकिन अब विभाग द्वारा सांपला समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही यह सुविधा कर दी गई है। नीरज, मंजू, दीपक का भी सहयोग रहा।

### छात्राएं कॉलेज में कर सकेंगी नौकरी की तैयारी

**सांपला।** सर छोटू राम कन्या महाविद्यालय में पढ़ने वाली छात्राएं सरकारी नौकरी के लिए अब उन्हें बाहर कोचिंग लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। विषय वाइज छात्रों को सरकारी नौकरियों की स्पर्धाओं की तैयारी के लिए शिक्षकों की ड्यूटी लगा दी। प्राचार्य डॉ संतोष हुड्डा ने बताया कि छात्रों की तैयारी के लिए सामान्य ज्ञान, गणित, अंग्रेजी, हिंदी, करंट अफेयर आदि विषयों पर विशेष ध्यान दिया गया है।

समृद्धि योजना के तहत 8 कल्याणकारी योजनाओं का मिलेगा लाभ

# स्ट्रीट वेंडर के लिए दोबारा शुरू की गई आत्मनिर्भर निधि योजना

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत अंगीकार 2025 अभियान हुआ प्रारंभ

*▶▶ राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत यह योजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में शुरू की गई है। यह योजना जून 2020 में कोविड महामारी से प्रभावित शहरी पथ विक्रेताओं के कल्याण के लिए शुरू की गई थी, जिसे मार्च 2025 में बंद कर दिया गया था*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिले में कार्यरत स्ट्रीट वेंडर के लिए आत्मनिर्भर निधि योजना को दोबारा शुरू किया गया है। राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत यह योजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में शुरू की गई है। यह योजना जून 2020 में कोविड महामारी से प्रभावित शहरी पथ विक्रेताओं के कल्याण के लिए शुरू की गई थी, जिसे मार्च 2025 में बंद कर दिया गया था। अब इसे लोक कल्याण मेले के रूप में 17 सितम्बर 2025 से 02 अक्टूबर 2025 तक विशेष शिविरों के माध्यम से लागू किया गया है।



रोहतक। लोगों को जानकारी देते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

**ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए**



नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने यह भी बताया कि भारत सरकार ने आवेदन सत्यापन और आवास निर्माण कार्य को गति देने के लिए दो माह का राष्ट्रव्यापी अभियान अंगीकार 2025 शुरू किया है। जिसके तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, निम्न आय वर्ग एवं मध्यम आय वर्ग परिवारों को 2.5 लाख तक की आर्थिक मदद लाभार्थी आधारित निर्माण एवं भागीदारी में किफायती आवास हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिनके पास कहीं पक्का मकान न हो और वार्षिक आय तीन लाख रुपये तक हो, वह आवेदन कर सकते हैं।

**योजना की प्रमुख विशेषताएं**

योजना के तहत पहला लोन 10 हजार से 15 हजार, दूसरा लोन 20 हजार से 25 हजार और तीसरा लोन 50 हजार तक मिलेगा। लोन पर सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री स्वनिधि से समृद्धि योजना के अंतर्गत 8 कल्याणकारी योजनाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, वन नेशन वन राशन कार्ड, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, प्रधानमंत्री जननी सुरक्षा योजनों का आवेदक लाभ ले सकते हैं।

**डिजिटल पेमेंट की भी रहेगी सुविधा**

रेहड़ी/फड़ी संचालकों को फोन-पे, पेटीएम आदि से जोड़ते हुए कोड उपलब्ध कराए जाएंगे और कैशबैक सुविधा भी दी जाएगी। नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि जिन रेहड़ी/फड़ी संचालकों संचालकों ने अभी तक पंजीकरण नहीं करवाया है, वे नगर निगम सीपीओ कार्यालय में पंजीकरण करवा सकते हैं। जिनका पंजीकरण हो चुका है लेकिन लोन प्राप्त नहीं हुआ है, वे आवश्यक दस्तावेजों सहित संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त जल्द ही नगर निगम द्वारा वेंडिंग जोन बनाए जाएंगे तथा बिना पंजीकरण रेहड़ी व फड़ी लगाने की अनुमति नहीं होगी।



### कल से शुरू होगा पुरानी आईटीआई में रामलीला का मंचन, समाजसेवी राजेश जैन ने किया ध्वजारोहण

**रोहतक।** रामलीला उत्सव कमेटी द्वारा 22 सितंबर को पुरानी आईटीआई मैदान में शुरू होने वाली रामलीला मंचन के लिए समाजसेवी राजेश जैन ने ध्वजारोहण कर शुरुआत की। 22 सितंबर को महाराष्ट्र व गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत पहुंचेंगे। इस दौरान राजेश जैन ने बताया कि रामलीला उत्सव कमेटी द्वारा हर साल रामलीला का भव्य आयोजन किया जाता है, इसमें हजारों लोग शिरकत करने के लिए आते हैं। मीडिया प्रवक्ता राजीव जैन ने बताया इस अवसर पर सानिध्य महामंडलेश्वर बाबा कपिल पुरी, महामण्डलेश्वर बाबा कर्ण पुरी, बाबा सूखा शाह एवं रामलीला उत्सव कमेटी के मुख्य संरक्षक राजेश जैन, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, प्रधान सुभाष तायल की अध्यक्षता में रामलीला स्टेज पर हनुमान का ध्वज फहराकर स्थापित किया गया। हनुमान के जयकारे से सारा पंडाल गूंज उठा और प्रसाद के रूप में सभी को लड्डू वितरित किए गए। इस अवसर पर शंकर लाल मित्तल, रमेश रोहिल्ला, राम कुमार पांचाल, शंकल लाल मित्तल, सुशील मंगला, नरेश शर्मा, संदीप गुप्ता, गौरव गुप्ता, नवीन बंसल मौजूद रहे।



### बाबा मस्तनाथ विश्विद्यालय के डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा को उत्कृष्ट शिक्षक अवार्ड मिला

**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ विश्विद्यालय के डॉ प्रदीप कुमार शर्मा को उनके शिक्षण कार्य के साथ साथ सामाजिक शैक्षणिक और पर्यावरण संरक्षण, में दिए योगदान के लिए हरियाणा शिक्षा बोर्ड के चैयरमैन डॉ. पवन शर्मा, रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा के महासचिव महेश जोशी, संयोजक शोभा भारद्वाज, संजय शर्मा द्वारा राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस सम्मान पर विश्विद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. एचएल वर्मा, कुलसचिव प्रोफेसर डॉ. विनोद कुमार, डीन अकादमी अफेयर्स प्रोफेसर डॉ. नवीन कपिल, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर डॉ. सुधीर मलिक, डीन मानविकी संकाय प्रोफेसर डॉ. बीएम यादव और समस्त स्टाफ सदस्यों ने डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा को उनकी इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी।

## राष्ट्रीय विधि महोत्सव में विधि विभाग की टीम रही रनरअप



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के विधि विभाग के छात्रों ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। एमएसयू, बड़ौदा द्वारा आयोजित राष्ट्रीय विधि महोत्सव में विश्वविद्यालय की टीम ने न केवल उपविजेता स्थान प्राप्त किया, बल्कि सर्वश्रेष्ठ मेमोरियल पुरस्कार भी अपने नाम किया। हर्षवर्धन यादव, समीक्षा और मानसी की तीन सदस्यीय टीम ने अपने ज्ञान, तर्क और प्रस्तुति कौशल से निर्णायकों को प्रभावित किया और कुल 17500 की नकद पुरस्कार राशि जीतकर विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया। इस अभूतपूर्व सफलता पर करियर योजना एवं परामर्श केंद्र (सीसीपीसी) और मूट कोर्ट सोसाइटी की ओर से समन्वयक प्रो. अनुसूया यादव ने टीम को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि हमारे छात्रों की मेहनत, मार्गदर्शन और विभाग द्वारा दिए गए शैक्षणिक माहौल का प्रमाण है। विधि विभाग अध्यक्ष प्रो. जितेंद्र ढुल और विभाग के प्राध्यापकों ने भी विजेता टीम को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## सीबीएसई राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता के चौथे दिन प्रतिभागियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल द्वारा आयोजित पांच दिवसीय सीबीएसई राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में आज चौथे दिन विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में खिलाड़ियों ने शानदार तैराकी कौशल का प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों में उत्साह और ऊर्जा का माहौल बना रहा।

पुलिस ट्रेनिंग सेंटर सुनारिया के आईजी शिव चरण अत्री, एमडीयू के सेवानिवृत डीन प्रो. बीएस मेहरा, डीन, इंटरडिसिप्लिनरी स्टडीज प्रो. राजीव तथा एक्सईएन जेएस दहिया आज विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे और विजेताओं को मेडल पहनाया।



रोहतक। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते पुलिस ट्रेनिंग सेंटर सुनारिया के आईजी शिव चरण अत्री, सीबीएसई आब्जर्वर जगदीप सिंह आहलूवालिया व आयोजन सचिव डा. मनोज हुड्डा। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

मौके पर यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल की निदेशिका प्रो. सुनीता सैनी, सीबीएसई आब्जर्वर जगदीप सिंह आहलूवालिया, आयोजन सचिव डा. मनोज हुड्डा, टेक्नीकल डेलीगेट सुरेश देसवाल, कैंपस स्कूल इंचार्ज विवेक कौशल, डा. अंजू हुड्डा, भैरव दत्त समेत आयोजन समिति सदस्य, संचालन समिति सदस्य, प्रतिभागी और टीम इंचार्ज तथा खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## बीजेपी, जेजेपी व कांग्रेस से मायूस हो चुका है युवाः अभय चौटाला

**राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंद्र सिंह ढुल के फार्म हाउस पर पत्रकारवार्ता में बोले इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने कहा है कि आज प्रदेश का युवा बीजेपी, जेजेपी और कांग्रेस से मायूस हो चुका है। यही वजह है कि अब नए सिरे से इनेलो के साथ युवा जुड़ा रहा है। प्रदेश में इस तरह के हालात पैदा हो गए हैं कि जैसे 25 सितंबर को वोट पड़ने हैं। अभय चौटाला शनिवार को इनेलो के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंद्र सिंह ढुल के फार्म हाउस पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने यहां कार्यकर्ता सम्मेलन को भी संबोधित किया और कार्यकर्ताओं को 25 सितंबर की रोहतक रैली का न्यौता दिया। उन्होने कहा कि प्रदेश के युवा को हमेशा ही ठगा गया है। जेजेपी ने युवाओं को विश्वास में लिया और उनके साथ सबसे बड़ी बेइमानी की। गत विधानसभा चुनाव में युवा दीपेंद्र हुड्डा के साथ लगा था लेकिन दीपेंद्र ने हर गांव में युवाओं को नौकरी के नाम पर रजिस्टर लगा दिए। इसलिए युवा दुखी है और अब इनेलो की ओर देख रहा है।



रोहतक। इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला का स्वागत करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंद्र सिंह ढुल व अन्य कार्यकर्ता।

**इनेलो का दामन थामा**

सैकड़ों की तादाद में युवाओं ने अभय सिंह चौटाला का नेतृत्व स्वीकार करते हुए इनेलो का दामन थामा। इनेलो में शामिल होने वालों में हरजीत बेरवाल सोरखी (पूर्व युवा हलका अध्यक्ष जजपा, हांसी), अनिल बेरवाल सोरखी (पूर्व सरपंच), मोहित बामल (पूर्व इनसो अध्यक्ष डीएन कॉलेज, हिसार), युवराज बेरवाल सोरखी (कांग्रेस), गोगल श्योराण सोरखी (कांग्रेस), दीपक (कुम्भा) कांग्रेस, डॉ जोगा सोरखी (कांग्रेस), बलिन्द्र नैन (कांग्रेस), वीरभान बेरवाल सोरखी (कांग्रेस), राजबीर गिल सोरखी (कांग्रेस) के साथ उनके सैकड़ों साथियों ने इनेलो पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा से प्रभावित होकर इनेलो में अपनी आस्था व्यक्त की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

11 सप्ताह से काम कर रहे सफाई कर्मी, रविवार को नहीं करेंगे सफाई

# कर्मचारी यूनियन के प्रधान का अल्टीमेटम

**सफाई अभियान के नाम पर नगर निगम के अधिकारी करवा रहे अतिरिक्त कार्य**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रधान शंभू टांक ने अल्टीमेटम जारी किया है कि रविवार को रोहतक के सफाई कर्मचारी सफाई कार्य नहीं करेंगे। वह अवकाश कर आराम करेंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि सफाई अभियान के नाम पर अभियान पर अभियान चलाए जा रहे हैं।

पिछले 11 सप्ताह से सफाई कर्मचारियों को अतिरिक्त कार्य करना पड़ रहा है और उन्हें आराम ही नहीं मिल रहा है। शहर में नगर निगम के अंतर्गत 22 वार्ड हैं। जिनमें सफाई के नाम पर बार-बार अभियान चलाने पड़ रहे हैं। जिसकी वजह से कर्मचारियों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए कर्मचारी अवकाश की मांग कर रहे हैं। निगम में करीब 650 कर्मचारी तैनात हैं। जिनसे सफाई का कार्य लिया जा रहा है। इसके अलावा कूड़ा उठाने के लिए डोर टू डोर का टेंडर अभी जारी है।



रोहतक। नगर निगम कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

**आज होगा सम्मेलन**

प्रधान शम्भू टांक ने बताया कि प्रदेश भर के सफाई कर्मचारियों का सम्मेलन रविवार को किया जाएगा। जिसमें नगर निगम सहित अस्पताल, बिजली निगम, रोडवेज, आईटीआई, पब्लिक हेल्थ, जिला सचिवालयों सहित अन्य कार्यालयों में तैनात सफाई कर्मचारी शामिल होंगे। सरकार से जो बार बार मांगें की गई हैं, उन्हें लागू नहीं किया जा रहा है जिससे कर्मचारियों में रोष है।

**सोशल मीडिया पर जारी किया मैसेज**

*सभी कर्मचारियो को सूचित किया जाता हैं कि 21 सितम्बर रविवार को साप्ताहिक अवकाश है इसलिए कोई भी कर्मचारी इस दिन ड्यूटी पर नहीं जाएगा।*

*-शम्भू टांक, प्रधान, नगर पालिका कर्मचारी संघ इकाई रोहतक*



### गरनावठी के स्कूल में लगाए पौधे

**रोहतक।** गरनावठी गांव के स्कूल में शनिवार को वन विभाग ने सेवा पखवाड़ा पौधारोपण करके मनाया। इस अवसर पर स्कूल के सभी अध्यापकों के साथ के साथ लड़कियों द्वारा पौधरोपण किया गया। सरपंच सतवीर सिंह ने भी पौधा लगाया। इस प्रोग्राम में वन विभाग की तरफ से एक पेड़ मां के नाम गाव व शहर में चलाई जा रही गाड़ी पा विडियो के माध्यम से पौधों का हमारे जीवन में आम जन के लिये क्या महत्व है,इस बारे में जानकारी दी गई। वन विभाग के रेंज ऑफिसर सुभाष कालरा व प्रचार-विस्तार के रेंज ऑफिसर हितेश डागर व जितेंद्र सैनी वन दरोगा ,वन रक्षक सुभाष, अनिल व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।